भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

*****

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति
(केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली उच्च अध्ययन और अनुसंधान के लिए उत्कृष्ट संस्थान है।

अकादमिक के साथ-साथ प्रशासनिक प्रमुख होने के कारण कुलपति से यह अपेक्षा की जाती है कि वहः

- सर्वोच्च स्तर की सक्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता धारक हो तथा संस्था के प्रति प्रतिबद्ध हो।
- एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद हो। उनके पास किसी विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव हो या किसी प्रतिष्ठित अनुसंधान और/ या अकादमिक संगठन में शैक्षणिक तथा प्रशासनिक नेतृत्व करने के प्रमाण के साथ 10 वर्ष का अनुभव हो।
- इस विज्ञापन में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि पर 65 वर्ष की आयु से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए।

वेतन और सेवा शर्तें

- इस पद पर 2,10,000/- रुपए (नियत) प्रतिमाह के साथ 11,250/- रुपये का विशेष भत्ता और अन्य सामान्य भत्तों का भुगतान किया जाता है।
- सेवा के निबंधन और शर्तें वही होंगी जो विश्वविद्यालय के अधिनियम एवं परिनियमावली तथा अध्यादेश में दी गई हैं।

नियुक्ति प्रक्रिया

- यह नियुक्ति जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय अधिनियम, 1966 के प्रावधानों के अंतर्गत गठित समिति द्वारा सिफारिश किए गए नामों के पैनल से की जाएगी।
- यह विज्ञापन और आवेदन का प्रपत्र वेबसाइट http://mhrd.gov.in और http://www.jnu.ac.in पर उपलब्ध है।
- निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर रजिस्ट्रर्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा निम्न पते पर भेज दिए जाएः

अवर सचिव, (केंद्रीय विश्वविद्यालय-II)
उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय,
कमरा संख्या – 515, 'बी' विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली – 110001

ईमेलः- pk.edu@gov.in

लिफाफे पर ''कुलपति के पद हेतु आवेदन - जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय'' लिखा होना चाहिए।

किसी प्रकार के डाक विलंब हेतु विभाग जिम्मेवार नहीं होगा।

****